## बिहार विधान-सभा वादवृत्त।

भारत के संविधान के उपबन्ध के अनुसार एकत्र विधान-सभा का कार्य-विवरण।

सभा का अधिवेशन पटने के सभा-सदन में मंगलवार, तिथि १३ दिसम्बर, १९६० को पूर्वाह्न ११ बजे अध्यक्ष श्री विन्ध्येश्वरी प्रसाद वर्म्मा के सभापतित्व में हुआ।

श्री दीपनारायण सिंह—महाशय, मैं द्वितीय बिहार विधान-सभा के षष्टम् सत्र के १५१ अनागत तारांकित प्रश्नों के उत्तर सभा के मेज पर रखता हूं। शेष लंबित प्रश्नों के उत्तर सचिवालय के विभागों से प्राप्त होने पर उपलब्ध कराए जायेंगे।

सूची।

| क्रम संख्या। | सदस्यों के नाम। | प्रश्न संख्या। |
|---|---|---|
| १ | श्री रामानन्द तिवारी .. | .. ४, २८६, ७२६, १०३४, ११०४, १२३१। |
| २ | श्री कर्पूरी ठाकुर .. .. | .. १५, ५९, ३६०, १३५४। |
| ३ | श्री रामानन्द सिंह .. .. | .. ७४, ३४१, ७५५। |
| ४ | श्री एस० के० बागे .. .. | .. १२१, २४७, ६९५, १०२०, १२५२, १२६८, १७३७। |
| ५ | श्रीमती बनारसी देवी .. | .. १३०, १२१७, १३३९। |

(३) उक्त अस्पताल में कितने रोगियों के रखने की जगह है और जून, जुलाई, अगस्त और सितम्बर में कितने मरीज महामारी भर्ती किये गये हैं ?

श्री वीर चन्द पटेल—(१) मुंगेर सदर अस्पताल में डाक्टरों की स्वीकृत संख्या ५ है । अभी ४ डाक्टर काम कर रहे हैं और उन सबों को सरकारी क्वार्टर दिया गया है ।

(२) मुंगेर सदर अस्पताल में ब्लड बैंक खोलने की स्वीकृति दी जा चुकी है। इसके लिये कुछ सामान की आवश्यकता है जिसे खरीदने की उचित कार्रवाई की जा रही है । सामान मिलते ही ब्लड बैंक चालू हो जायगा ।

(३) मुंगेर सदर अस्पताल में रोगियों को रखने की स्वीकृत संख्या १४० है । रोगियों की भर्ती की माहवारी संख्या जून में ४७२, जुलाई में ५२५, अगस्त में ५६८ और सितम्बर में ६१८ थी ।

---

GRANTING FREE STUDENTSHIP TO STUDENTS IN P. W. M. COLLEGE.

**1050. Shri BAIDYANATH PRASAD SINGH :** Will the Health Minister be pleased to state—

(1) the guiding principles in granting free studentship to the students in P. W. Medical College, Patna ;

(2) whether it is a fact that the following Roll Nos. enjoyed free studentship of the said college ;—

(*a*) Roll no. 41 who enjoyed free studentship in the 1st and 2nd year during the session 1957—59 and whose father is a famous doctor,

(*b*) Roll No. 86 II year who was awarded free studentship in 1957-58 and whose father is a senior engineer,

(*c*) Miss Raj Duggal of Vth year,

(*d*) Miss Suman Sinha ;

(2) if answers to the above clauses be in the affirmative would Government institute an enquiry ?

श्री वीरचन्द पटेल—(१) प्रिंस ऑफ वेल्स मेडिकल कॉलेज में प्रविष्ट सभी छात्राओं को १९४५ से १९५६ तक सभी शुल्क देने से विमुक्त कर दिया गया था । छात्रों को निःशुल्क शिक्षा देने के सम्बन्ध में योग्यता और गरीबी की कोई पाबन्दी नहीं थी ।

(२) (ए) १९५७-५८ में निःशुल्क शिक्षा प्राप्त किया लेकिन १९५८-५९ में नहीं ।

(बी) उत्तर नकारात्मक है ।

(सी) उत्तर स्वीकारात्मक है ।

(डी) उत्तर स्वीकारात्मक है ।

(३) प्रश्न नहीं उठता है ।